**कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड**

**अल्पकालिक निविदा सूचना वर्ष 2012–13**

संख्या 8165 / अधि0एक0–294 / भर्ती / आ0सि0 / 2012–13 दिनांकःदिसम्बर 14 ,2012 ।

**विज्ञप्ति,**

आबकारी विभाग में आबकारी सिपाहियों की भर्ती, कुमाउ मण्डल में दिनांक 26.12.2012 से 09.01.2012 तक जनपद उधमसिंहनगर (रूद्रपुर) में स्थान **31वी वाहिनी पीएसी ग्रउण्ड** एवं गढवाल मण्डल में दिनांक 26.12.2012 से 18.01.2013 तक जनपद हरिद्वार में स्थान **40वी वाहिनी पीएसी हरिद्वार ग्राउण्ड** पर की जानी है। विभाग द्वारा प्रति दिन की वीडियोग्राफी करायी जानी है, जिसके लिए दोनों जनपदो में 04–04 वीडियोग्राफर (सम्पूर्ण आवश्यक उपकरणो सहित) वीडियोग्राफी हेतु निविदाये आमन्त्रित की जाती है। सभी निविदादाताओं को विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्य हेतु निविदा फार्म रूपये 227 / –(200+13.5 प्रतिशत वैट) को कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड, 15 / 1 गांधी रोड देहरादून से किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में प्रातः 11.00 से 5.00 बजे सांय तक दिनांक 18.12.2012 के 5.00 बजे सांय तक नगद धनराशि देकर प्राप्त किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र को website: ua.nic.in एवं uttrakhandexcise.org पर भी उपलब्ध रहेगी, Download किये गये निविदा प्रपत्र को निविदा शुल्क बैंक ड्राफ्ट जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड के पक्ष में बना हो को निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर जमा करना होगा, अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी। निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 19.12.2012 के पूर्वान्ह 11.00 बजे तक होगी। समस्त निविदायें दिनांक 19.12.2012 को पूर्वान्ह 12.00 बजे तक निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। आबकारी आयुक्त का निर्णय अन्तिम होगा।

आबकारी आयुक्त,
उत्तराखण्ड।

## प्रतिदिन होने वाली भर्ती की वीडियो कवरेज के कार्य हेतु निर्धारित निविदा की शर्तें

### फर्मों का चयन निम्न नियम एवं शर्तों के अनुसार किया जायेगा :–

**तकनीकी शर्तें**

1. निविदादाता फर्म पंजीकृत होनी चहिये।
2. निविदादाता फर्म को गत वित्तीय वर्ष (2011–12) का आयकर रिटर्न का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता फर्म को शासकीय/अर्द्वशासकीय विभागों में वीडियो कवरेज एवं उसके सीधे प्रसारण के कार्य का कम से कम एक वर्ष का अनुभव हो को प्राथमिकता दी जायेगी, पुष्टि में कार्य प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
5. निविदादाता फर्म का अपना स्टूडियो और एडिटिंग लैब का हरिद्वार, एवं उधसिंहनगर में होना आवश्यक है, प्रतिदिन की गई कवरेज की 02 प्रति उपलब्ध करायी जायेगी।
6. निविदादाता फर्म को अपने पास उपलब्ध मानव संसाधनों एवं उपकरणों का विवरण देना होगा, पुष्टि में उनकी शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता (जेसे डिलोमा इन कैमरा टैक्नेलॉजी, इत्यादि) के प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने होंगे।
7. निविदादाता फर्म को तकनीकी निविदा प्रस्ताव के साथ जनपद उधमसिंनगर हेतु रू0 12 हजार एवं हरिद्वार के लिए रूपये 20 हजार का एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/बैंक ड्राफ्ट आबकारी आयुक्त उत्तराखण्ड, देहरादून के नाम बनाकर धरोहर राशि (Earnest Money) के रूप में संलगन करना अनिवार्य होगा।

अन्य शर्तें

1. तकनीकी शर्तें पूर्ण करने वाली फर्मों के ही वित्तीय प्रस्तावों पर विभागीय समिति द्वारा विचार किया जायेगा।
2. निविदादाता फर्म को वित्तीय प्रस्ताव पृथक लिफाफे में प्रस्तुत करने अनिवार्य होंगे, अर्थात निविदादाता फर्म को अपनी दरें संलग्न निर्धारित प्रारूप–2 पर अंकित कर पृथक लिफाफे में प्रस्तुत करनी अनिवार्य होंगी।
3. चयनित फर्म को सेवाकर का भुगतान सेवाकर पंजीयन प्रमाण–पत्र/पंजीकरण नम्बर उपलब्ध कराने पर ही किया जायेगा।
5. फर्म द्वारा प्रस्तुत बीजकों पर आयकर कटौती नियमानुसार की जायेगी, जिस हेतु फर्म का पैन कार्ड संलग्न करना अनिवार्य होगा। आयकर विषयक प्रमाण–पत्र वित्तीय वर्ष की समाप्ति के उपरान्त ही निर्गत किया जायेगा।
6. चयनित फर्म को 100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर विभाग के साथ अनुबन्ध करना होगा।
7. सफल निविदादाता जिसके पक्ष में न्यूनतम दरों के आधार पर संविदा दी जायेगी, उसे कार्य करने से पूर्व उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली–2008 के नियम 21(1) के अंतर्गत कुल स्वीकृत/अनुमोदित संविदा धनराशि के 5 प्रतिशत तक की धनराशि कार्यपूर्ति प्रतिभूति के रूप में विभाग में आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड के नाम बनाकर बंधक करनी होगी, जो आदाता के नाम (एकाउंट पेई) डिमाण्ड ड्राफ्ट, सावधि जमा रसीद या बैंक गारंटी के रूप में होगी।

8. जिस फर्म का चयन समिति द्वारा न्यूनतम दरों के आधार पर किया जायेगा, उसके कार्यालय, स्टॉफ, कार्यालय में स्थापित उपकरणों एवं अन्य व्यवस्थाओं का भौतिक परीक्षण उसी दिन समिति के सदस्य कार्य स्थल पर पहुँचकर करेंगे साथ सभी व्यवस्थाओं से संतुष्ट होने के उपरान्त ही फर्म को कार्यादेश निर्गत किया जायेगा। ऐसा न करने की स्थिति में फर्म का दावा स्वतः ही समाप्त समझा जायेगा तथा उक्त फर्म के बाद क्रमशः दूसरी और तीसरी फर्म, जिनकी दर सबसे न्यूनतम होगी को अवसर दिया जायेगा।

9. निविदादाता फर्म को वीडियो कवरेज सम्बन्धी समस्त कार्य अपने संसाधनों से ही करने होगें।

10. निविदादाता फर्म को जनपद उधमसिंहनगर एवं हरिद्वार की कार्यवाही की कवरेज विभाग से कार्यादेश प्राप्त होने के उपरान्त आबकारी आयुक्त,उत्तराखण्ड निर्देशानुसार समय से भर्ती केन्द्र पर पहुंचकर उप समिति के अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यो से सम्पर्क स्थापित कर कार्यवाही की जायेगी।

11. निविदादाता फर्म को प्रतिदिन की गई वीडियो कवरेज की सी0डी0 (02 सैट) विभाग को उनके कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।

12. निविदादाता फर्म को आवश्यकतानुसार वीडियो कवरेज की अतिरिक्त प्रति (डी0वी0/डी0वी0डी0/सी0डी0) मांगे जाने पर यथाशीघ्र उपलब्ध करानी होगी।

13. निविदादाता फर्म को अल्प सूचना पर परीक्षा समिति के द्वारा निर्दिष्ट स्थल पर वीडियो कवरेज के कार्य हेतु टीम भेजनी अनिवार्य होगा।

14. निविदादाता फर्म को तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव पृथक–पृथक सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत करने होंगें। उक्त लिफाफों के ऊपर स्पष्ट रूप से "तकनीकी प्रस्ताव" एवं "वित्तीय प्रस्ताव" एवं फर्म का पूर्ण पता एवं दूरभाष लिखना अनिवार्य होगा। तदोपरान्त उक्त दोनों लिफाफे एक अन्य सीलबन्द लिफाफे में बन्द कर उसके ऊपर "वीडियो कवरेज कार्य हेतु निविदा प्रस्ताव" एवं फर्म का नाम, पूर्ण पता व दूरभाष स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए निविदा विभाग में जमा करनी होगी।

15. फर्म द्वारा कार्य करने में असमर्थता प्रकट करने, विभागीय निर्देशों का समय से अनुपालन न करने तथ गुणवता में कमी पाई जाने पर विभाग को फर्म का अनुबन्ध समाप्त कर दूसरी फम्र को कार्य आवंटित करने का पूर्ण अधिकार होगा।

16. आबकारी आयुक्त उत्तराखण्ड को बिना करण बताये निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

17. किसी भी दशा में विवाद के लिए न्याय क्षेत्र देहरादून होगा।

नोट :– इच्छुक फर्म अपने प्रस्ताव आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड देहरादून के नाम सील बन्द लिफाफे में, नियत तिथि एवं समय के अन्तर्गत, विभाग के क्षेत्र प्रचार प्रभाग में उपलब्ध करा सकती है। अपूण्र प्रस्तावों पर विभाग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

आबकारी आयुक्त,
उत्तराखण्ड।

निविदा संख्या –2 ..................../ वर्ष 2012–13

वित्तीय निविदा प्रपत्र भाग –2

वित्तीय वर्ष 2012–13 हेतु उपकरण/मशीनरी की दर का विवरण

(निविदा सील बन्द लिफाफे में बंद कर डाली जाय)

| क्र0सं0 | कवरेज का विवरण | कवरेज की दर (रू0 में) (समस्त व्यय को सम्मिलित करते हुए दरें एकमुश्त अंकित की जायें) | एडिटिंग की दर (रू0 में) | कवरेज कार्य की अतिरिक्त प्रति की दर (रू0 में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | डी0वी0 | डी0वी0डी0 | सी0डी0 |
| 1. | जनपद उधमसिंहनगर में दिनांक 26.12.2012 से 09.01. 2012 तक ) 15 दिन (एक या दो दिन घट बढ सकती है) | | | | | |
| 2. | जनपद हरिद्वार में दिनांक 26. 12.2012 से 18.01.2012 तक 25 दिन (एक या दो दिन घट बढ सकती है) | | | | | |

आबकारी सिपाहियों की भर्ती कार्यवाही की प्रतिदिन कवरेज हेतु दर

| क्र0स0 | कवरेज का विवरण | प्रतिदिन की दर (रू0 में) (समस्त व्यय को सम्मिलित करते हुए दरें एकमुश्त अंकित की जायें) | एडिटिंग की दर (रू0 में) | अतिरिक्त प्रति (डी0वी0) की दर (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जनपद उधमसिंहनगर में दिनांक 26.12.2012 से 09.01.2012 तक ) 15 दिन (एक या दो दिन घट बढ सकती है) | | | |
| 2. | जनपद हरिद्वार में दिनांक 26.12.2012 से 18.01.2012 तक 25 दिन (एक या दो दिन घट बढ सकती है) | | | |

निविदा फार्म संख्या.1......................................
दिनांक...................................
सील.......................................

मूल्य रूपये–200/–( 200+13.5 वैट सहित) (दो सौ सत्ताइस मात्र) मूल्य निविदा फार्म (कर सहित)

**कार्यालय आबकारी आयुक्त,उत्तराखण्ड,देहरादून**

**निविदा संख्या–1**

**वर्ष 2012–13**

*निविदा प्रपत्र भाग–1*

(निविदा सील बन्द–लिफाफे मे बन्द कर डाली जाय)

1. मूल निविदादाता फर्म का नाम व पूरा पता फैक्स फोन नं० आदि सहित :–
2. मूल फर्म के स्वामी का नाम :–
3. अधिकृत व्यक्ति का नाम व पूरा पता फैक्स फोन नं० आदि सहित (यदि मूल निविदादाता द्वारा स्वंय निविदा प्रस्तुत नहीं की जाती) :–
4. अर्नेस्ट मनी का विवरण :–
   (1) फर्म का नाम.....................................................................
   (2) राष्ट्रीयकृत बैंक का नाम................................................
   (3) बैंक ड्राफ्ट संख्या..........................................................
   (4) बैंक ड्राफ्ट की तिथि.......................................................
   (5) बैंक ड्राफ्ट की धनराशि रू०.........................................
5. निविदा/टेण्डर फार्म प्राप्ति हेतु जमा की गयी धनराशि का विवरण।
   (1) विभागीय कैश रसीद संख्या(डी–2)/बैंक ड्राफ्ट संख्या...............................
   (2) जमा की गयी धनराशि रू०.................................................................................
   (3) दिनांक.........................................................................................................
6. राज्य व्यापार कर का पंजीकरण प्रमाण–पत्र,पंजीकरण संख्या(यदि कोई हो)...................
7. फर्म द्वारा यदि इस प्रकार का कार्य किसी अन्य शासकीय विभाग में किया गया हो तो विवरण संलग्न किया जाये ........................................................................

**नोट** :– प्रत्येक बिन्दु से सम्बन्धित प्रमाण पत्र/अभिलेख/कागजात की प्रतियां उपरोक्त बिन्दुओं के कम में संलग्न किये जायें। किसी डाक्यूमेंट की अनुपलब्धता की स्थिति में अंकित बिन्दु के सम्मुख्या उपलब्ध नहीं अंकित किया जाये।

## निर्धारित निविदा शर्तों पर सहमति

मेरे द्वारा प्रस्ताव/टेण्डर/निविदा की सभी शर्तें भली–भॉति पढ ली गयी है तथा मैं सभी शर्तों से पूर्णतयाः सहमत हूँ।

फर्म/फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि/निविदादाता के हस्ताक्षर...................................

पूर्ण पता.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

फोन नम्बर.........................................................................

फैक्स नम्बर.......................................................................

सील.................................................................................